# दिनॉक 28.11.2024 को जिलाधिकारी महोदय सीतापुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सीतापुर की समस्त ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर नल से जल उपलब्ध कराने के दृष्टिगत कराये जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे :–

1– मुख्य विकास अधिकारी महोदया, सीतापुर।
2– जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
3– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर।
4– जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
5– प्रभागीय वनाधिकारी, सीतापुर।
6– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
7– अधिशासी अभियन्ता, सीतापुर प्रखण्ड, शारदा नहर, सीतापुर।
8– अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0 तृतीय तल, विकास भवन, सीतापुर।
9– अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड/ निर्माण खण्ड– प्रथम/ निर्माण खण्ड–चतुर्थ/, प्रान्तीय निर्माण खण्ड/ निर्माण खण्ड – द्वितीय(पी0एम0जी0एस0वाई0), लोक निर्माण विभाग, सीतापुर।
10– सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
11– डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 सीतापुर।
12– मेसर्स एन0सी0सी0 लि0, सीतापुर।
13– मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो सीतापुर।
14– समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी(आई0एस0ए0), सीतापुर।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी महोदय द्वारा पूर्व में की गयी समीक्षा बैठक के बिन्दुओ पर चर्चा की गयी तदोपरान्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 एवं मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी।

**मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0–**

1– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 को आवंटित 799 राजस्व ग्राम में सम्मिलित 563 ग्राम पंचायतों में पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु स्वीकृति 535 प्राक्कलनों में प्रस्तावित 536 नग नलकूपों के सापेक्ष समस्त 536 नग नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 536 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 512 नग पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है जिसमें 335 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 535 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 534 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है जिसमें से 213 नग शिरोपरि जलाशय के कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 536 नग बाउण्ड्रीवॉल के सापेक्ष 400 नग बाउण्ड्रीवॉल का कार्य प्रगति पर है जिसमें 300 नग बाउण्ड्रीवॉल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित वितरण प्रणाली 6454 कि0मी0 के सापेक्ष 6123 कि0मी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित गृह जल संयोजन 278165 नग के सापेक्ष 245253 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा प्रस्तावित 536 नग सोलर के सापेक्ष 536 नग सोलर का कार्य प्रगति पर है जिसमें 511 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धित फर्म को योजनाओं पर मैनपावर बढ़ाते हुए माह दिसम्बर 2024 के अन्त तक योजनाओं के समस्त कार्यो को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गये।

2– जिलाधिकारी महादेय द्वारा फर्म मे0 लार्सेन एण्ड टूब्रो लि0 को माह दिसम्बर 2024 के अन्त तक 50 नग बाउण्ड्रीवॉल तथा 50 नग जलाशयों के कार्यो को पूर्ण कराते हुए पूर्ण बाउण्ड्रीवॉल एवं शिरोपरि जलाशय की



Scanned by CamScanner

प्रगति 350 नग, 263 नग तक बढ़ाने तथा 50 राजस्व ग्रामों का हर घर जल सर्टिफिकेशन कराने हेतु निर्देश दिये गये। उक्त का अनुपालन न करने की स्थिति में सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध 1 प्रतिशत पेनाल्टी लगाने की संस्तुति कर उच्चाधिकारीयों को अग्रसारित करने हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिये गये।

3— अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मे0 लार्सेन एण्ड टूब्रो लि0 के पास कार्यों में लक्षित प्रगति लाने हेतु पर्याप्त मैनपावर उपलब्ध नहीं है। जिसके कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित फर्म को पर्याप्त मैनपावर लगाते हुए कार्यो में आपेक्षित प्रगति लाने हेतु कठोर निर्देश दिये गये।

**मे0 एन0सी0सी0 लि0—**

1— अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि मे0 एन0सी0सी0 लि0 को आवंटित 1455 राजस्व ग्रामों में सम्मिलित 996 ग्राम पंचायतों में पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु स्वीकृति 797 प्राक्कलनों (783 नग नये + 14 नग पुनर्गठन ) में प्रस्तावित 786 नग नलकूपों के सापेक्ष 785 नग नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 786 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 786 नग पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है जिसमें 781 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 783 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 783 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है जिसमें से 258 नग शिरोपरि जलाशय के कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 797 नग बाउण्ड्रीवॉल के सापेक्ष 795 नग बाउण्ड्रीवॉल का कार्य प्रगति पर है जिसमें 781 नग बाउण्ड्रीवॉल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित वितरण प्रणाली 10607 कि0मी0 के सापेक्ष 10015 कि0मी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित गृह जल संयोजन 411653 नग के सापेक्ष 375856 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा प्रस्तावित 786 नग सोलर के सापेक्ष 786 नग सोलर का कार्य प्रगति पर है जिसमें 783 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धित फर्म को योजनाओं पर मैनपावर बढ़ाते हुए माह दिसम्बर 2024 के अन्त तक योजनाओं के समस्त कार्यो को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गये।

2— जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 के शिरोपरि जलाशय की प्रगति अत्यन्त धीमी होने पर आकोश व्यक्त करते हुए सम्बन्धित फर्म को माह दिसम्बर 2024 तक के अन्त तक 62 नग शिरोपरि जलाशयों के कार्य पूर्ण कराते हुए पूर्ण शिरोपरि जलाशय की प्रगति 320 नग तक बढ़ाने हेतु निर्देश दिये गये। उक्त का अनुपालन न किये जाने पर सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध 1 प्रतिशत पेनाल्टी लगाने की संस्तुति करने हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिये गये।

3— अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा रिर्पोटेड 343 नग ग्रामों के सापेक्ष वर्तमान तक मात्र 121 नग "हर घर जल" प्रमाणीकरण किया गया है जिस पर जिलाधिकारी महादेय द्वारा सम्बन्धित फर्म को माह दिसम्बर 2024 के अन्त तक सभी कार्यों को पूर्ण कराते हुए रिर्पोटेड ग्रामों को "हर घर जल" प्रमाणीकरण कराने हेतु निर्देश दिये गये।

**सेन्सिस टेक लि0 ( टी0पी0आई0ए0)—**

1— जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद हेतु नामित थर्ड पार्टी एजेन्सी मेसर्स सेन्सिस टेक लि0 टी0पी0आई0 को कार्यदायी फर्मों द्वारा करायें जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की जॉच शत्–प्रतिशत करने के उपरान्त ही कार्यों से सम्बन्धित बीजकों के सत्यापन की कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये।

2— मेसर्स सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0) द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्मों द्वारा वितरण प्रणाली बिछाते समय तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत/पुर्नस्थापना का कार्य शत–प्रतिशत एवं गुणवत्ता पूर्वक नहीं कराया



Scanned by CamScanner

जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित फर्मों को तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत/पुर्नस्थापना का कार्य पर्याप्त मैनपावर बढ़ाते हुए अतिशीघ्र शत–प्रतिशत एवं गुणवत्ता पूर्वक कराने हेतु कठोर निर्देश दिये गये।

**डी0पी0एम0यू0–**

1– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड रेउसा की चौसा पेयजल योजना में भूमि विवादित होने के कारण वर्तमान तक कार्य प्रारम्भ नहीं कराया जा सका है। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराया गया कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा जिस ग्राम पंचायतों में भूमि उपलब्ध नहीं है उन ग्राम पंचायतों में भूमि कय कर योजनाओं के कार्य कराने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है जिस कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त ग्राम पंचायत में पेयजल योजना निर्माण हेतु नई भूमि कय करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए भूमि कय करने की कार्यवाही हेतु डी0पी0एम0यू0 एवं सम्बन्धित फर्म को निर्देश दिये गये।

**इम्प्लीमेन्टेंशन सपार्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0)–**

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी कंचन जनकल्याण समिति, द्वारा प्लानिंग एण्ड मोबिलाइजेशन फेज में किये गये कार्यों का बीजक प्रेषित किया गया।

1– **कंचन जनकल्याण समिति**

| Sr.No. | MileStone | Activity | Norms of Payment | Verified/ unverified |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Constitution of Gram Panchayat Sub Committee (VWSC/GPWSC) & opening bank Account | Gram Sabha meeting, Constitution & activation of VWSC/GPWSC, Orintation on JJM and responsibility of VWSC/GPWSC, Agreement of skild manpower for PWS & signing of Agreement etc all performed activity | 20% of agreement cost | 15 % Work verified |
| 2 | Verification of baseline DATA | Verification of baseline DATA, (10% of House hold) | 3% of agreement cost | Unverified |
| 3 | Survey for water security plan | Data & Survey for water security plan | 2% of agreement cost | Verified |
| 4 | Consent of Household | Consent of minimum 80% of Household for PWS | 4% of agreement cost | Unverified |
| 5 | Community Contribution | Community Contribution( Capex & Opex ) | 3% of agreement cost | Not Claimed |
| 6 | Finalization & approval of VAP | constitution of VAP | 2% of agreement cost | Unverified |

समिति द्वारा प्रेषित बीजकों पर विचार विमर्श करने के उपरान्त VWSC कमेटी का गठन, मीटिंग, महिला–पुरूष बैठक, हैण्डवाश प्रभात फेरी, वाटर सिक्योरिटी प्लान, का कार्य सन्तोषजनक पाया गया है। संस्था द्वारा बैंक खाता से सम्बन्धित अभिलेख एवं Consent of Household एवं VAP गठन के दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर 5 प्रतिशत की कटौती की गई एवं बेसलाइन सर्वे सत्यापन का कार्य नहीं किया गया है। आई0एस0ए0 द्वारा Community Contribution का कार्य नहीं किया गया है, जिसके भुगतान हेतु क्लेम भी नहीं किया गया है। परीक्षणोपरान्त 01 नग क्लस्टर के अन्तर्गत प्रस्तुत बीजक रू0 1705000.00के सापेक्ष रू0 77000.00 की कटौती करते हुए कुल रू0 935000.00 का भुगतान का निर्णय लिया गया।

अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्मों द्वारा वितरण प्रणाली सड़क की कच्ची पटरी पर सड़क के समीप तथा कम गहराई पर बिछायी जा रही है जिससे भविष्य में सड़कों के चौड़ीकरण के समय वितरण प्रणाली के क्षतिग्रस्त होने की सम्भावना है जिस जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित कार्यदायी फर्मों को वितरण प्रणाली सड़क की कच्ची पटरी में अधिकम दूरी के साथ 1.00 मी0 की गहराई पर बिछाने के निर्देश दिये गये। सम्बन्धित फर्मों द्वारा उक्त का अनुपालन न करने पर फर्मों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिये गये।



Scanned by CamScanner

बैठक के अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा दोनों फर्मों को वितरण प्रणाली बिछाते समय तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत / पुर्नस्थापना का कार्य गुणवत्ता पूर्वक कराने एवं नामित टी0पी0आई0 तथा अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को उक्त का अनुश्रवण कराने के निर्देश दिये गये।

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
सीतापुर
(सदस्य सचिव)

अधिशासी अभियन्ता,
सीतापुर प्रखण्ड,
शारदा नहर सीतापुर,
(सदस्य)

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सीतापुर (सदस्य)

जिला पंचायत राज अधिकारी,
सीतापुर (सदस्य)

जिला विकास अधिकारी,
सीतापुर (सदस्य)

मुख्य विकास अधिकारी,
सीतापुर(उपाध्यक्ष)

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)

**पृ0 संख्याः** / / **दिनॉक** / /

*प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।*

1— मुख्य विकास अधिकारी महोदया, सीतापुर।
2— जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
3— जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर।
4— जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
5— प्रभागीय वनाधिकारी, सीतापुर।
6— अधिशासी अभियन्ता, सीतापुर प्रखण्ड, शारदा नहर, सीतापुर।
7— अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0 तृतीय तल, विकास भवन, सीतापुर।
8— अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड/ निर्माण खण्ड– प्रथम/ निर्माण खण्ड–चतुर्थ/, प्रान्तीय निर्माण खण्ड/ निर्माण खण्ड – द्वितीय(पी0एम0जी0एस0वाई0), लोक निर्माण विभाग, सीतापुर।
9— सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
10— प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनामल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
11— प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।
12— डी0पी0एम0यू0 सीतापुर।
13— समस्त आई0एस0ए0 सीतापुर।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण),
(सदस्य सचिव)



Scanned by CamScanner